MPHIN 36951

हमारा देश हमारा अभिमान

कुल पृष्ठ : 52, मूल्य : 50 रुपए • वर्ष 01, अंक 10 मासिक पत्रिका • अक्टूबर 2022

'शुभं करोति कल्याणम् आरोग्यम् धनसंपदा। शत्रुबुद्धिविनाशाय दीपकाय नमोऽस्तु ते।।
दीपो ज्योति परं ब्रह्म दीपो ज्योतिर्जनार्दन : । दीपो हरतु मे पापं संध्यादीप नमोऽस्तु ते।।
जो शुभ करता है, कल्याण करता है, आरोग्य रखता है, धन संपदा देता है और शत्रु बुद्धि का विनाश करता है, ऐसे दीप की रोशनी को मैं नमन करता हूँ॥
दीपक की ज्योति ही ब्रह्मा व परमेश्वर है।
पाप का नाश करने वाली दीपक की ज्योति को मेरा नमस्कार।

सभी प्रदेशवासियों को

दीपावली

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

आप सभी पर मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहे

विजय जोशी

एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष रोटरी क्लब नीमच,
पूर्व अध्यक्ष अभिभाषक संघ जावद

श्रीमती संगीता जोशी

पीडीसी इनरव्हील डिस्ट्रिक्ट
304

CHETAK
Enterprises Ltd.

उदयलाल आंजना

मनोहर लाल आंजना

विक्रम आंजना

चेतक इन्टरप्राईजेस प्रा. लि.
यू.बी. इन्फ्रास्ट्रक्चर नीमच

दीपावली की
हार्दिक बधाई

हमारा देश
हमाराअभिमान

वरिष्ठ संरक्षक मंडल

• अनन्त श्री विभूषित श्रीमद जगद्गुरु श्री राम स्वरूपचार्य जी महाराज कामदगिरि पीठाधीश्वर चित्रकूट धाम
• श्री महामंडलेश्वर रामप्रिय दास
• श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर अनिरुद वन जी श्री धूमेस्वर धाम
• श्री डॉ. श्रीमन नारायण मिश्रा
डॉ. श्रीमती शालिनी कौशिक, श्री नागेंद्र नाथ सुरेंद्र नाथ चौबे

संरक्षक मंडल

• श्री लोकेश चतुर्वेदी • श्री डॉ. दिनेश उपाध्याय • श्री अरविंद जैन • श्री पी.के. शर्मा, • श्री एस.डी. धाकड़, • श्री अरुण कांत शर्मा, • श्री महेश पुरोहित • श्री विनोद भारद्वाज, अधिवक्ता ग्वालियर हाईकोर्ट, • श्री मनोज भारद्वाज, श्री अनिल जैन, श्री निर्मल वासवानी • श्री विद्याभूषण शर्मा • श्रीमती अर्चना बाजपेयी

संपादक : मनोज चतुर्वेदी

पंकज दीक्षित : प्रमुख परामर्शदाता

विशेष संवाददाता

• रवि परिहार • रविकांत शर्मा

कानूनी सलाहकार

एडवोकेट अनिल शुक्ला शासकीय अधिवक्ता ग्वालियर हाईकोर्ट
एडवोकेट श्याम पाठक ग्वालियर हाई कोर्ट

ब्यूरो : अविनाश (उज्जैन संभाग)

छिंदवाड़ा ब्यूरो : जितेंद्र चौरे

मुम्बई ब्यूरो (महाराष्ट्र)

सचिंदर शर्मा (फ़िल्म डायरेक्टर)

ब्यूरो राजस्थान

सुभाष सोरल (फ़िल्म निर्माता) कोटा

ब्रजेश जैन- साक्षात्कार व्यवस्थापक और विज्ञापन संवाददाता इंदौर

संवाददाता : संदीप पाटिल, इंदौर

सलाहकार

• डॉ. सुनील शर्मा, नेत्र रोग विशेषज्ञ
• डॉ. मुकेश चतुर्वेदी, • डॉ. दिनेश प्रसाद (हड्डी रोग सर्जन)
• अनिल दुबे • विकास चतुर्वेदी • सुरेश शर्मा
• नारायणदास गुप्ता, • पीयूष श्रीवास्तव,
• पंडित चंद्रशेखर शास्त्री, बृज मोहन आर्य, विवेक शर्मा

मार्केटिंग प्रमुख : शैलेन्द्र जैन

मार्केटिंग मैनेजर

• सुनील • हरशूल • संजू

डिजाइन : मनोज पंवार

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक मनोज कुमार चतुर्वेदी द्वारा कंचन ऑफसेट डी-1/63, सेक्टर-4, विनय नगर ग्वालियर- फोन नं. 0751-2481433, (म. प्र.) से मुद्रित एवं शिव कॉलोनी गली नं. 4 , रेलवे स्टेशन के पीछे, तहसील डबरा, जिला ग्वालियर, (मध्यप्रदेश) प्रकाशित। संपादक-मनोज कुमार चतुर्वेदी ।
(सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र ग्वालियर रहेगा।)

नमस्ते गरूडारूढे कोलासुरभयंकरि।
सर्वपापहरे देवि महालक्ष्मि नमोस्तुते।।

भावार्थ : गरुड़पर आरूढ हो कोलासुर को भय देने वाली और समस्त पापों को हरने वाली हे भगवति महालक्ष्मी ! तुम्हें प्रणाम है ।

विवरणिका

संपादकीय	.....	02
शुभाशीष	.....	03
कवर स्टोरी	.....	04-05
कवर स्टोरी	.....	06-07
इंदौर	.....	08-09
भारत जोड़ो यात्रा	.....	08-09
त्यौहार	.....	33
धर्म	.....	46
दीपावली	.....	47
त्यौहार	.....	48

संपादकीय

प्रकाश का पर्व... मनुष्य के जीवन में उजास लाने का पर्व...

दीपावली उत्सव भी तो अंधियारे से उजियारे की और चलने, सतत बढ़ने की प्रेरणा का पर्व हैं। दीपावली अमावस की काली रात को मनाई जाती हैं। अमावस की रात में दीपावली को मनाने के पीछे भी शायद अंधेरों से लड़ने का भाव छुपा हैं। भारतवर्ष सहित सम्पूर्ण विश्व में हजारों-लाखों बरसों से दीपोत्सव का यह पर्व श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास से अयोध्या लौटने के उल्लास के रुप में मनाया जाता हैं। यह पर्व दीपावली के एक दिन पूर्व राक्षक नरकासुर का भगवान कृष्ण द्वारा किये वध के कारण भी मनाया जाता हैं। यह पर्व जिस उत्साह के साथ अयोध्या में मनाया जाता हैं। गौकुलवासी भी इसे उतने ही उत्साह से मनाते आ रहें हैं। प्रकाश का यह पर्व मनुष्य जीवन मे उजास लाने का पर्व हैं। मनुष्य समाज शुरुवातीं दौर में वस्तुओं का विनिमय कर अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करता था। अब रुपयों का चलन हैं। दीपावली तब भी मनाई जाती थी जब समाज मे रुपयों का चलन नहीं था। अब अपनी आवश्यकताओं के लिए मनुष्य को रुपयों की आवश्यकता पड़ती हैं। सदियों से एक विशाल जनसमुदाय महालक्ष्मी की आराधना, पूजा कर अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए धन की मांग ही तो करता हैं।

मनोज चतुर्वेदी
संपादक

शुभाशीष

अच्छे विचार से ही हम अपने उद्देश्यों तक पहुंच सकते हैं...

मनुष्य को अन्य जीव-जंतुओं से इसकी विचारशीलता ही अलग करती है। विचारशीलता अगर सकारात्मक रुप में है तब वह व्यक्ति को महान, अच्छा इंसान और समाज सुधारक बनाती है। लेकिन यदि यह नकारात्मक रुप में है तब वह मनुष्य को विनाश की तरफ ले जाती है। राक्षस हो या देवता, यह दोनों मनुष्य रुप में ही होते हैं। लेकिन दोनों में अंतर सिर्फ विचारों का ही होता है। जिनके विचार नकारात्मक होते हैं, वे राक्षसों की श्रेणी में रखे जाते हैं, और जिनके विचार सकारात्मक होते हैं, जो सबको आपस में जोड़ते हैं, ऐसे लोग ही देवता कहलाते हैं। देवत्व सुविचार से ही विकसित होता है। विचारों से हममें संवेदना उत्पन्न होती है और विचार ही हमें असंवेदनशील बनाते हैं। एक संवेदनशील व्यक्ति सिर्फ अपना ही नहीं बल्कि परिवार, समाज, देश और दुनिया का भला कर सकता है। संवेदना हमें सकारात्मक सोच की ओर लेकर जाती है। लेकिन यही विचार अगर नकारात्मक होते हैं तो वे व्यक्ति के विचारों को विकलांग बना देते हैं। सकारात्मक विचारों वाले लोग रचनात्मक एवं सर्जनशील होते हैं। वे हमेशा निर्माण की सोचते हैं और दूसरों का कष्ट नहीं देख सकते। वे जानते हैं कि कष्ट हमेशा व्यक्ति को गलत विचारों की ओर धकेलता है।

डॉ. श्रीमन नारायण मिश्रा
संरक्षक

धनतेरस

पूजा मुहूर्त, खरीदारी का शुभ समय और सोना खरीदने का महत्व

भारत की सभ्यता काफी समृद्ध है और यहां के बाशिंदे उत्सवधर्मी। फसल बुआई कटाई से लेकर जन्म और छोटी से छोटी घटना को सेलिब्रेट करने की यहां की समृद्ध रवायत रही है ।इसी के कारण भारतीय संस्कृति अनोखी है। वैसे तो साल भर यहां कोई न कोई व्रत पूजा, त्योहार चलती रहते हैं। लेकिन पंचांग के अनुसार कुआर और कार्तिक का महीना खास हो जाता है। भारतीयों का फेस्टिव सीजन शुरू हो जाता है। इसकी वजह है कि हिंदू धर्मावलंबियों के बड़े पर्व नवरात्रि में दुर्गा पूजा, दशहरा दिवाली आदि इन्हीं महीनों में पड़ते हैं। इसमें भी कार्तिक का महीना और विशेष है क्योंकि इस महीने में एक साथ ही कई त्योहार पड़ते हैं।

जान लें फेस्टिव सीजन में अभी कौन-कौन से त्योहार पड़ेंगे

त्योहार तारीख
धनतेरस 22 अक्टूबर
नरक चतुर्दशी 23 अक्टूबर
दिवाली 24 अक्टूबर
गोवर्धन पूजा 26 अक्टूबर
भाई दूज 27 अक्टूबर

क्यों मनाते हैं धनतेरस

हिंदू धर्मावलंबी हर कार्तिक माह की त्रयोदशी तिथि को धनतेरस मनाते हैं। इस दिन भगवान धन्वंतरि (जिन्हें कुछ विद्वान भगवान विष्णु का अवतार ही मानते हैं), माता लक्ष्मी और देवताओं के कोषाध्यक्ष कुबेर की पूजा की जाती है। इस तिथि को हिंदू धर्मावलंभी भगवान धन्वंतरि के जन्मदिन के रूप में सेलिब्रेट करते हैं। अक्सर यह तिथि छोटी दिवाली से एक दिन पहले पड़ती है। धन तेरस पर इनकी पूजा के साथ घर में कोई नया सामान लाना शुभ माना जाता है। इसलिए इस दिन बाजार में तेजी रहती है। इस दिन खास तौर पर सोने चांदी के गहने और बर्तनों की खरीद होती है। लेकिन बाइक या अन्य सामानों की खरीदारी भी खूब होती है। यह भी कहा जाता है इस दिन घर लाई गई चल अचल संपत्ति में 13 गुना वृद्धि होती है। धनतेरस 2022 और पूजा का शुभ मुहूर्तः पंचांग के अनुसार कार्तिक कृष्ण पक्ष त्रयोदशी इस साल 22 अक्तूबर को पड़ रही है। लखनऊ के ज्योतिषाचार्य उमा शंकर मिश्र के अनुसार त्रयोदशी तिथि 22 अक्तूबर शाम छह बजकर 02 मिनट से शुरू हो रही है। जो 23 अक्तूबर शाम छह बजकर 03 मिनट पर संपन्न होगी।

स्वर्ण खरीदने का इतिहास

धनतेरस पर सोना खरीदने की परंपरा की शुरुआत से जुड़ी एक कहानी है। इसके अनुसार प्राचीन काल में हिमा नाम का एक राजा था, उसने अपने 16 साल के पुत्र का विवाह कर दिया। इस बीच ज्योतिषियों ने बताया कि उसके पुत्र की विवाह के चौथे दिन सर्प दंश से मौत हो जाएगी, यह बात राजा ने बहू को भी बताई। इस भविष्यवाणी से दोनों चिंतित हुए लेकिन बहू बुद्धिमती थी, चौथे दिन उसने महल का सारा स्वर्ण मुख्य द्वार पर रखवा दिया और पति को सोने नहीं दिया और खुद भी जागकर गाने लगी। इसी वक्त निर्धारित समय पर यमराज आए और सर्प का वेश धारण कर मुख्य द्वार पर पहुंचे तो सोने की चमक से उनकी आंखें चौंधिया गईं, उन्हें महल के भीतर प्रवेश का रास्ता भी नहीं मिला। इस बीच दुल्हन के गीत सुनने में वे सबकुछ भुला बैठे और इस बीच राजकुमार की मृत्यु का समय बीत गया। इससे उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा, तभी से लोग सौभाग्य के लिए इस दिन स्वर्ण की खरीदारी करने लगे।

धनतेरस 2022 पूजा मुहूर्त

धनतेरस पर पूजा का मुहूर्त 22 अक्टूबर रविवार को शाम पांच बजकर 44 मिनट से 06 बजकर 05 मिनट तक है।

धनतेरस 2022 खरीदारी का शुभ समय

शाम 07 बजकर 03 मिनट से रात 10 बजकर 39 मिनट तक।
धनतेरस पूजा विधिः जो शख्स पहली बार पूजा कर रहा है, उसे यह विधि अपनानी चाहिए। धनतेरस के दिन शाम को शुभ मुहूर्त में एक लकड़ी की चौकी पर उत्तर की ओर कुबेर और भगवान धन्वंतरि को बैठाएं मां लक्ष्मी और गणेश की प्रतिमा या तस्वीर जो भी उपलब्ध हो, उसको भी वहीं आसन दें। फिर दीप जलाकर पूजा शुरू करें सभी का तिलक करने के बाद पुष्प, फल आदि अर्पित करें कुबेर को सफेद मिष्ठान्न और भगवान धन्वंतरि को पीले मिष्ठान्न अर्पित करें पूजा के दौरान बारी बारी से ऊं ह्रीं कुबेराय नमः मंत्र का जाप करते रहें भगवान धन्वंतरि की पूजा कर धन्वंतरि स्त्रोत का पाठ करें सभी देवी देवताओं की आरती करें और पूजा के दौरान हुई त्रुटि के लिए क्षमा मांगें

धनतेरस का महत्व

मान्यता है कि इसी दिन समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरि ही कलश में अमृत लेकर प्रकट हुए थे। इसी से इस दिन को भगवान धन्वंतरि जयंती के रूप में मनाते हैं और उनकी पूजा करते हैं। इसी दिन माता लक्ष्मी और कुबेर की भी पूजा की जाती है। इसके पीछे मान्यता है कि इन देवताओं की कृपा से घर में धन की कमी नहीं रहती है। इस दिन बर्तन, आभूषण और अन्य चीजें खरीदने की परंपरा है।

सोना खरीदने के पीछे कारण

त्रयोदशी में भारत में सोने की खरीद की पुरानी परंपरा है। क्योंकि इसे समृद्धि और सौभाग्य से जोड़कर देखा जाता है। मान्यता है कि इसमें माता लक्ष्मी का वास होता है। इसीलिए इस दिन माता लक्ष्मी के रूप में इसकी पूजा होती है।

धनतेरस पर लक्ष्मी-गणेश ही नहीं, इन देवताओं का भी होता है पूजन

कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को धनतेरस का त्योहार मनाया जाता है। धनतेरस या धनत्रयोदशी से हई दीपावली का 5 दिन का महापर्व आरंभ हो जाता है। धनतेरस के दिन लोग शगुन के तौर पर सोना-चांदीके बर्तन या आभूषण खरीदते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार धनतेरस के दिन हई वैद्य धन्वंतरि समुद्र मंथन से हाथ में अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। पुराणों के अनुसार भगवान धन्वंतरि देवी लक्ष्मी के हाथ में अमृत कलश लिए हुए समुद्र मंथन से उत्पन्न हुए थे। इसलिए इसे धन्वंतरि जयंती के नाम से भी जाना जाता है। यही कारण है दीपावली के पहले, यानी धनतेरस से ही दिवाली का आरंभ हो जाता है। धनतेरस के दिन श्री गणेश, धन के देवता कुबेर, औषधि के देवता धन्वंतरि तथा सुख, समृद्धि तथा वैभव की देवी महालक्ष्मी की पूजा विधि विधान से एक साथ की जाती है।

गणेश पूजा से करें आरंभ

श्री गणेश सबके आराध्य माने जाते हैं , इसीलिए सबसे पहले भगवान गणेश की पूजा की जाती है। धनतेरस पर श्री गणेश की पूजन विधि इस प्रकार है-

- सर्वप्रथम श्री गणेश को स्नान कराएं।
- इसके उपरांत विघ्नहर्ता श्री गणेश को चंदन या कुमकुम का तिलक लगाएं।
- फिर उन्हें लाल रंग के वस्त्र पहनाएं और फिर ताजे पुष्प अर्पण करें।
- अब धनतेरस की पूजा शुरू करने से पूर्व नीचे दिए गए मंत्र का जाप अवश्य करें-

वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ ।
निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा ॥

अब करें धन्वंतरि देव का पूजन

- श्री गणेश के पूजन के बाद भगवान धन्वंतरि का पूजन आरंभ करें। इनका पूजन इस प्रकार करें-
- सर्वप्रथम भगवान धन्वंतरि की मूर्ति स्थापित कर उन्हें स्नान कराएं।
- अब धन्वंतरि देव का अभिषेक करें।
- इसके बाद उन्हें 9 प्रकार के अनाज का भोग लगाएं।
- मान्यता है कि भगवान धन्वंतरि को पीली मिठाई और पीली चीज प्रिय है, तो संभव हो तो उन्हें पीले रंग की वस्तुएं ही अर्पित करें।
- अब अपने परिवार के अच्छे स्वास्थ्य और भलाई के लिए प्रार्थना करते हुए इस मंत्र का जाप करें-

'ॐ नमो भगवते महा सुदर्शनाया वासुदेवाय धन्वन्तरये
- अमृत कलश हस्ताय सर्व भय विनाशाय सर्व रोग निवारणाय
- त्रैलोक्य पतये, त्रैलोक्य निधये

श्री महा विष्णु स्वरूप, श्री धन्वंतरि स्वरुप
श्री श्री श्री औषध चक्र नारायणाय स्वाहा

ऐसे करें धन देवता कुबेर का पूजन

- भगवान कुबेर धन के अधिपति हैं। मान्यता है जो भी व्यक्ति पूरे विधि विधान से भगवान कुबेर की पूजा करता है उसके घर में कभी धन संपत्ति की कमी नहीं रहती है। कुबेर देव की पूजा के समय सदैव इस बात का विशेष ध्यान रखें कि उनकी पूजा प्रदोष काल में ही करें।
- सर्वप्रथम कुबेर देव कि मूर्ति स्थापित कर उन्हें स्नान कराएं।
- इसके उपरांत उन्हें फूल, फल, चावल, रोली-चंदन, अर्पित करें।
- इसके बाद धूप-दीप का उपयोग कर उनका पूजन करें। भगवान कुबेर को सफेद मिठाई का भोग लगाएं।
- धन देवता कुबेर के पूजन के दौरान इस मंत्र का जाप करें-
- ऊँ यक्षाय कुबेराय वैश्रवणाय धनधान्याधिपतये धनधान्यसमृद्धिं में देहि दापय।

महालक्ष्मी पूजन के बिना अधूरी है धनतेरस की पूजा

महालक्ष्मी का पूजन धनतेरस के दिन प्रदोष काल में ही किया जाता है। पूजन विधि इस प्रकार है-

माता लक्ष्मी की पूजा शुरू करने से पूर्व एक चौकी पर एक लाल रंग का वस्त्र बिछाकर उसमें मुट्ठी भर अनाज रख लें।

इसके बाद कलश में गंगाजल रखें।

इसके साथ ही सुपारी, फूल, एक सिक्का और कुछ चावल के दाने और अनाज भी इस कलश के ऊपर रखें।

इसके बाद लक्ष्मी जी की प्रतिमा का पंचामृत (दूध, दही, घी, मक्खन और शहद का मिश्रण) से स्नान कराएं।

फिर जल से स्नान कराकर माता लक्ष्मी को चंदन लगाएं, इत्र, सिंदूर, हल्दी, गुलाल आदि अर्पित करें।

अंत में सफलता, समृद्धि, खुशी और कल्याण की कामना करें।

अब नीचे दिए गए मंत्र का जाप करें-

ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद, ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्मयै नमः॥

धनतेरस और नमक का क्या है कनेक्शन...

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार धनतेरस के दिन घर में नमक अवश्य ही खरीद कर लाना चाहिए, क्योंकि धनतेरस के दिन खरीदी किए गए नमक से घर में सुख-समृद्धि आती है, धन लाभ भी होता है। उस घर पर सदा माता धनलक्ष्मी की कृपा बनी रहती है, जो धनतेरस के दिन एक पैकेट नमक खरीदते हैं।

ऐसी मान्यता हैं कि इस दिन नमक का नया पैकेट खरीदकर खाना बनाने में उस नए नमक ही प्रयोग करना चाहिए, इससे घर के मुखिया के धन की आवक में वृद्धि होती है। तथा आसानी से बाजार में उपलब्ध यह नमक आपके घर में कभी भी धन की कमी नहीं होने देता है। इसके अलावा नमक के नए पैकेट का उपयोग आप कई प्रकार से करके घर में शुभता तथा धन-धान्य में बढ़ोतरी कर सकते हैं।

धनतेरस के दिन खरीदे गए नमक के पैकेट से थोड़ासा नमक कांच के बाउल अथवा कांच की छोटी शीशी में भरकर घर के उत्तर-पूर्व कोने में रखने से जहां घर की नकारात्मकता दूर होती है, वही धन के आगमन के नए रास्ते भी मिलने लगेंगे।

इस दिन खरीदे गए नमक से धनतेरस से दीपावली तक घर में पोंछा लगाने से भी घर की निगेटिव एनर्जी दूर होकर घर में सुख, शांति, धन, वैभव में बढ़ोतरी होती है।

इतना ही नहीं कम पैसे खर्च करके धनतेरस के दिन सिर्फ एक नमक का पैकेट खरीद कर आप अपने जीवन में बड़ा बदलाव करते हैं। इस दिन नमक खरीदने वाले व्यक्ति को जीवन में कभी भी आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ता है तथा उस घर पर माता लक्ष्मी हमेशा प्रसन्न रहती है।

इसके अलावा ऐश्वर्य प्राप्ति के लिए इस दिन झाड़, खड़ा या साबुत धनिया, कौड़ी, कमल गट्टे तथा हल्दी की गांठ भी खरीदने की पुरातन परंपरा है। धनतेरस के दिन इन चीजों को खरीदने से धन की देवी कभी भी आपका साथ नहीं छोड़ती हैं तथा हमेशा आप पर अपनी अपार कृपा बरसाती है।

नरक चतुर्दशी..

अभ्यंग स्नान के मुहूर्त, महत्व और उपाय एक साथ

नरक चतुर्दशी को रूप चौदस, काली चौदस और छोटी दिवाली भी कहते हैं। इस दिन सूर्योदय के पूर्व उठकर स्नान करके पूजा की जाती है। इस बार नरक चौदस का पर्व 24 अक्टूबर 2022 सोमवार के दिन मनाया जाएगा। क्योंकि सूर्योदय पर चतुर्दशी मनाने का विधान सबसे ज्यादा प्रचलित है। आओ जानते हैं कि क्या है अभ्यंग स्नान के मुहूर्त। इस दिन का महत्व और उपाय।

नरक चतुर्दशी तिथि 2022 : त्रयोदशी तिथि 23 अक्टूबर को शाम 06 बजकर 03 मिनट तक रहेगी इसके बाद नरक चतुर्दशी प्रारंभ होगी जो अगले दिन यानी 24 अक्टूबर को शाम 05 बजकर 27 मिनट तक रहेगी। उदया तिथि के मान से नरक चतुर्दशी का त्योहार 24 अक्टूबर 2022 सोमवार को मनाया जाएगा।

सूर्योदय कब होगा : मुंबई के समय अनुसार प्रातः 06:35 पर सूर्योदय होगा।

अभ्यंग स्नान समय मुहूर्त : प्रातः 05:04:59 से 06:27:13 तक।

रूप चौदस पर स्नान का महत्व : कहते हैं कि इस दिन श्रीकृष्ण और सत्यभामा ने मिलकर नरकासुर का वध किया था। वध करने के बाद उन्होंने तेल से स्नान करके शरीर और मन को शुद्ध किया था। तभी से यह प्रथा चली आ रही है। इस दिन इस यम पूजा, कृष्ण पूजा और काली पूजा होती है। इस दिन अभ्यंग स्नान करने से सौंदर्य एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। इस दिन पूजा करने से नरक से मुक्ति मिलती है।

नरक चतुर्दशी के दिन दिन संध्या काल में दीये के प्रकाश से अंधकार को प्रकाश पुंज से दूर कर दिया जाता है। इसी वजह से नरक चतुर्दशी को छोटी दीपावली भी कहते हैं। नरक चतुर्दशी का पूजन अकाल मृत्यु से मुक्ति, सौंदर्य और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए किया जाता है।

नरक चतुर्दशी के सरल उपाय

1. इस दिन प्रातःकाल में सूर्योदय से पूर्व उठकर उबटन लगाकर नीम, अपामार्ग यानी चिचड़ी जैसे कड़ुवे पत्ते डाले गए जल से स्नान करें। उक्त कार्य नहीं कर सकते हैं तो मात्र चंदन का लेप लगाकर सूख जाने के बाद तिल एवं तेल से स्नान किया जाता है। प्रातः स्नान के बाद सूर्यदेव को अर्घ्य दिया जाता है। इससे सौंदर्य और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। स्नान करने के बाद दक्षिण दिशा में मुख करके हाथ जोड़कर यमराज से प्रार्थना करें। ऐसा करने से मनुष्य द्वारा अब तक किए गई सभी पापों का नाश होकर स्वर्ग का रास्ता खुल जाता है।

2. इस दिन भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की जाती है। उनकी पूजा से सभी तरह का संताप मिट जाता है और व्यक्ति बंधन मुक्त हो जाता है।

3. इस दिन काली चौदस भी रहती है अतः इस दिन कालिका माता की विशेष पूजा करने से सभी तरह की मनोकामना पूर्ण होती है और हर तरह का संताप मिट जाता है।

4. इसी दिन यम की पूजा करने के बाद शाम को दहलीज पर उनके निमित्त दीप जलाएं जाते हैं जिससे अकाल मृत्यु नहीं होती है।

5. इस दिन को शिव चतुर्दशी भी रहती है अतः दिन में भगवान शिव को पंचामृत अर्पित किया जाता है। साथ में माता पार्वती की पूजा भी की जाती है।

6. इस दिन सूर्यास्त के पश्चात लोग अपने घरों के दरवाजों पर चौदह दीये जलाकर दक्षिण दिशा में उनका मुख करके रखते हैं तथा पूजा-पाठ करते हैं।

7. इस दिन हनुमान जयंती भी रहती है अतः हनुमान पूजा करने से सभी तरह का संकट टल जाता है और निर्भिकता का जन्म होता है।

8. इस दिन दक्षिण भारत में वामन पूजा का भी प्रचलन है। कहते हैं कि इस दिन राजा बलि (महाबली) को भगवान विष्णु ने वामन अवतार में हर साल उनके यहां पहुंचने का आशीर्वाद दिया था। इसी कारण से वामन पूजा की जाती है। अनुसरराज बलि बोले, हे भगवन! आपने कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी से लेकर अमावस्या की अवधि में मेरी संपूर्ण पृथ्वी नाप ली है, इसलिए जो व्यक्ति मेरे राज्य में चतुर्दशी के दिन यमराज के निमित्त दीपदान करेगा, उसे यम यातना नहीं होनी चाहिए और जो व्यक्ति इन तीन दिनों में दीपावली का पर्व मनाए, उनके घर को लक्ष्मीजी कभी न छोड़ें। ऐसे वरदान दीजिए। यह प्रार्थना सुनकर भगवान वामन बोले- राजन! ऐसा ही होगा, तथास्तु। भगवान वामन द्वारा राजा बलि को दिए इस वरदान के बाद से ही नरक चतुर्दशी के दिन यमराज के निमित्त व्रत, पूजन और दीपदान का प्रचलन आरंभ हुआ।

दीपावली

पर करें धन लक्ष्मी यंत्र की स्थापना, होगी आपके धन की वृद्धि

दिवाली के त्योहार में मात्र कुछ ही दिन शेष हैं। ऐसे में घरों में जोरशोर से दिवाली की तैयारी शुरू हो चुकी है। दिवाली के दिन घर में लक्ष्मी जी के आगमन हेतु ढेर सारे उपाय किए जाते हैं। घर की साफ सफाई करने से लक्ष्मी जी प्रसन्न होती हैं। दिवाली पर घर में लक्ष्मी गणेश जी की स्थापना के साथ धन की देवई माता लक्ष्मी के यंत्र को भीई स्थापित करना चाहिए। धनलक्ष्मी यंत्र धन और समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी से संबंधित है। माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए श्रीयंत्र यह धन लक्ष्मी यंत्र को घर पर स्थापित करना शुभ माना गया है। मान्यता है कि श्री यंत्र से मां लक्ष्मी भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यह धन लक्ष्मी यंत्र धन, प्रसिद्धि और सफलता परदान करता है। आइए जानते हैं श्री यंत्र को घर पर कहां और किस विधि से स्थापित करना चाहिए।

धन लक्ष्मी यंत्र के लाभ

- इस यंत्र की महिमा के कारण आप पर हमेशा मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है।
- घर में कभी भी पैसों की कमी नहीं होती है और सुख-शांति बनी रहती है।
- आपको हर तरह की आर्थिक परेशानी से बचाने के लिए यह चमत्कारी यंत्र बहुत कारगर माना जाता है।
- यदि परिवार का कोई व्यक्ति लंबे समय से किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित है तो इस यंत्र की विधि विधान से पूजा करने से उस रोग में लाभ मिलता है।
- इस यंत्र की महिमा से आप अपना पुराना रुका हुआ धन वापस पा सकते हैं और कर्ज से जल्द मुक्ति पा सकते हैं।
- इस यंत्र की प्रतिदिन पूजा करने से धन प्राप्ति के नए-नए उपाय प्राप्त होते हैं।

ऐसे स्थापित करें धन लक्ष्मी यंत्र

यदि आप सुख समृद्धि और यश पाना चाहते हैं तो श्री यंत्र को पूरे विधि विधान से स्थापित करना चाहिए। स्नान आदि से निवृत्त होकर श्री यंत्र को पंचामृत और गंगाजल से साफ करके ईशान कोण में एक लाल वस्त्र बिछाकर स्थापित करें। इस दौरान बीज मंत्र- ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं नमः या ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं का जाप करते रहें। श्री यंत्र को स्थापित करने समय आपका मुख पूर्व या उत्तर दिशा की तरफ होना चाहिए।

धन लक्ष्मी यंत्र की पूजा विधि

- धन लक्ष्मी यंत्र की पूजा विधि की शुरुआत सुबह से ही हो जाती है। इसके लिए प्रातः काल स्नान कर स्वच्छ पीले रंग के वस्त्र धारण करें।
- दूध और गंगाजल के मिश्रण से स्नान कर साफ सूती लाल कपड़े पर रखकर किसी पवित्र स्थान पर रख दें।
- ध्यान रहे कि आप इसे तिजोरी, मंदिर, किचन या ऑफिस में रख सकते हैं।
- पूजा से पहले इस यंत्र को पंचामृत में रखें और उस पर लाल चंदन छिड़कें। इसके बाद कुछ लाल गुलाब के फूल और चावल लेकर यंत्र पर रख दें और फिर उसके ऊपर लाल चुन्नी डाल दें। • धन लक्ष्मी यंत्र के सामने घी का दीपक जलाएं और मां धनलक्ष्मी यंत्र की आरती करें। आप चाहें तो दुर्गा सप्तमी का पाठ भी कर सकते हैं।
- पूरी भक्ति के साथ आप हाथ जोड़कर धन लक्ष्मी यंत्र के सामने खड़े हो जाएं और मन ही मन इस मंत्र का जाप करें।
- ऊं श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद,
- ऊं श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्मयै नमः॥
- यह प्रभावशाली लक्ष्मी यंत्र आपको शीघ्र ही फल देगा।

जानिए लक्ष्मी पूजा का शुभ मुहूर्त, पूजा विधि

प्रकाश का पर्व दीपावली इस वर्ष 24 अक्तूबर,सोमवार को मनाई जाएगी। हिंदू धर्म में दिवाली सबसे बड़ा त्योहार होता है। हिंदू पंचांग के अनुसार दीपावली प्रत्येक वर्ष कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि पर मनाई जाती है। दिवाली रोशनी का पर्व है। मान्यता है इस दिन भगवान राम ने लंका पर विजय प्राप्ति के बाद अयोध्या आए थे जिसकी खुशी में सभी नगरवासी अपने प्रभु राम के स्वागत में दीप जलाएं थे। इसके अलावा ऐसी मान्यता भी है कि दीपावली पर मां लक्ष्मी प्रकट हुई थीं इस कारण दिवाली पर लक्ष्मी पूजन का विशेष महत्व होता है। कार्तिक अमावस्या पर दीपदान करने का विशेष महत्व होता है। पुराणों के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान कार्तिक माह की अमावस्या पर मां लक्ष्मी प्रकट हुई थीं,वहीं वाल्मीकि रामायण के अनुसार इस दिन भगवान विष्णु संग माता लक्ष्मी का विवाह हुआ था। इस वजह से हर साल दिवाली पर लक्ष्मी पूजन का महत्व है। दिवाली आने से कई दिनों पहले से ही घरों की साफ-सफाई और सजावट होने लगती है। दिवाली की शाम को शुभ मुहूर्त में लक्ष्मी-गणेश,कुबेर और माता सरस्वती की विशेष पूजा आराधना की जाती है।

दिवाली लक्ष्मी-गणेश पूजा शुभ मुहूर्त

दिवाली 2022- 24 अक्तूबर

लक्ष्मी-गणेश पूजन का शुभ मुहूर्त -शाम 06 बजकर 54 मिनट से 08 बजकर 16 मिनट तक

लक्ष्मी पूजन की अवधि-1 घंटा 21 मिनट

प्रदोष काल - शाम 05 बजकर 42 मिनट से रात 08 बजकर 16 मिनट तक

वृषभ काल - शाम 06 बजकर 54 मिनट से रात 08 बजकर 50 मिनट तक

दिवाली लक्ष्मी पूजा महानिशीथ काल मुहूर्त

लक्ष्मी पूजा मुहूर्त्त - रात 11 बजकर 40 मिनट से लेकर 12 बजकर 31 मिनट तक

अवधि - 50 मिनट तक

दिवाली शुभ चौघड़िया मुहूर्त 2022

सायंकाल मुहूर्त्त (अमृत,चल):17:29 से 19:18 मिनट तक

रात्रि मुहूर्त्त (लाभ) :22:29 से 24:05 मिनट तक

रात्रि मुहूर्त्त (शुभ,अमृत,चल):25:41 से 30:27 मिनट तक

गोवर्धन पूजा

जानें... विधि, मुहूर्त, महत्व और कथा

हिंदू पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर गोवर्धन पूजा की जाती है। यानी दिवाली अगले दिन ये पर्व मनाया जाता है। इस साल 24 अक्टूबर को दिवाली है। इस हिसाब से गोवर्धन पूजा 25 अक्टूबर को होनी चाहिए, लेकिन इस बार दिवाली और गोवर्धन पूजा के बीच में सूर्य ग्रहण लग रहा है। ऐसे में सूर्यग्रहण के कारण इस साल दिवाली के अगले दिन 25 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा नहीं होगी। सूर्य ग्रहण की वजह से गोवर्धन पूजा 26 अक्टूबर को है। गोवर्धन पूजा को अन्नकूट के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन महिलाएं अपने घर के आंगन में गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाती हैं और उसकी पूजा करती हैं। चलिए जानते हैं कि इस बार दीपावली के एक दिन बाद क्यों मनाया जाएगा गोवर्धन पूजा का पर्व, इसकी पूजा विधि और शुभ मुहूर्त...

गोवर्धन पूजा मुहूर्त

इस साल 26 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 25 अक्टूबर को शाम 4 बजकर 18 मिनट पर शुरू हो रही है। ये तिथि 26 अक्टूबर को दोपहर 2 बजकर 42 मिनट पर समाप्त होगी। वहीं इस दिन पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 6 बजकर 29 मिनट से लेकर सुबह 8 बजकर 43 मिनट तक रहेगा।

गोवर्धन पूजा विधि

गोवर्धन पूजा के दिन सुबह काल जल्दी उठकर स्नानादि करें। फिर शुभ मुहूर्त में गाय के गोबर से गिरिराज गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाएं और साथ ही पशुधन यानी गाय, बछड़े आदि की आकृति भी बनाएं। इसके बाद धूप-दीप आदि से विधिवत पूजा करें। भगवान कृष्ण को दुग्ध से स्नान कराने के बाद उनका पूजन करें। इसके बाद अन्नकूट का भोग लगाएं।

गोवर्धन पूजा का महत्व

मान्यताओं के अनुसार, भगवान कृष्ण के द्वारा ही सर्वप्रथम गोवर्धन पूजा आरंभ करवाई गई थी और गोवर्धन पर्वत तो अपनी उंगली पर उठाकर इंद्रदेव के क्रोध से ब्रज वासियों और पशु-पक्षियों की रक्षा की थी। यही कारण है कि गोवर्धन पूजा में गिरिराज के साथ कृष्ण जी के पूजन का भी विधान है। इस दिन अन्नकूट का विशेष महत्व माना जाता है।

गोवर्धन पूजा की कथा

गोवर्धन पूजा की पौराणिक कथा के अनुसार द्वापर युग में एक बार देवराज इंद्र को अपने ऊपर अभिमान हो गया था। इंद्र का अभिमान चूर करने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने एक अद्भुत लीला रची। श्री कृष्ण में देखा कि एक दिन सभी बृजवासी उत्तम पकवान बना रहे थे और किसी पूजा की तैयारी में व्यस्त थे। इसे देखते हुए कृष्ण जी ने माता यशोदा से पूछा कि यह किस बात की तैयारी हो रही है? कृष्ण की बातें सुनकर यशोदा माता ने बताया कि इंद्रदेव की सभी ग्राम वासी पूजा करते हैं जिससे गांव में ठीक से वर्षा होती रहे और कभी भी फसल खराब न हो और अन्न धन बना रहे। उस समय लोग इंद्र देव को प्रसन्न करने के लिए अन्नकूट (अन्नकूट का महत्व)चढ़ाते थे। यशोदा मइया ने कृष्ण जी को यह भी बताया कि इंद्र देव की कृपा से ही अन्न की पैदावार होती है और उनसे गायों को चारा मिलता है।

इस बात पर श्री कृष्ण ने कहा कि फिर इंद्र देव की जगह गोवर्धन पर्वत की पूजा होनी चाहिए क्योंकि गायों को चारा वहीं से मिलता है। इंद्रदेव तो कभी प्रसन्न नहीं होते हैं और न ही दर्शन देते हैं। इस बात पर बृज के लोग इंद्र देव की जगह गोवर्धन पर्वत की पूजा करने लगे। यह देखकर इंद्र देव क्रोधित हुए और उन्होंने मूसलाधार वर्षा शुरू कर दी। इंद्रदेव ने इतनी वर्षा की कि उससे बृज वासियों को फसल के साथ काफी नुकसान हो गया। ब्रजवासियों को परेशानी में देखकर श्री कृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर पूरा गोवर्धन पर्वत उठा लिया और सभी ब्रजवासियों को अपने गाय और बछड़े समेत पर्वत के नीचे शरण लेने के लिए कहा। इस बात पर इंद्र कृष्ण की यह लीला देखकर और क्रोधित हो गए और उन्होंने वर्षा की गति को और ज्यादा तीव्र कर दिया। तब श्री कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से कहा कि आप पर्वत के ऊपर विराजमान होकर वर्षा की गति को नियंत्रित करें और शेषनाग से कहा आप मेड़ बनाकर पानी को पर्वत की ओर आने से रोकें।

इंद्र लगातार सात दिन तक वर्षा करते रहे तब ब्रह्मा जी ने इंद्र से कहा कि श्री कृष्ण भगवान विष्णु के अवतार हैं और उन्हें कृष्ण जी की पूजा की सलाह दी। ब्रह्मा जी की बात सुनकर इंद्र ने श्री कृष्ण से क्षमा मांगी और उनकी पूजा करके अन्नकूट का 56 तरह का भोग लगाया। तभी से गोवर्धन पर्वत पूजा की जाने लगी और श्री कृष्ण को प्रसाद में 56 भोग चढ़ाया जाने लगा।

भाई दूज को लेकर असमंजस.. जानें... सही विधि, मुहूर्त, महत्व और कथा

भाई दूज को लेकर इस बार असमंजस की स्थिति बनी हुई है। कुछ जगहों पर यह त्योहार 26 अक्टूबर को मनाया जा रहा है तो कुछ जगहों पर 27 अक्टूबर को। ऐसे में सही तिथि और मुहूर्त की जानकारी नहीं मिल पा रही है। हमारा यह लेख आपको भाई दूज की सही तिथि और मुहूर्त के बारे में जानकारी देगा।

भाई दूज के दिन करें इनकी पूजा

भाई दूज का त्योहार हर साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। इस साल तिथियों को लेकर उलझन की स्थिति बनी हुई है, जिससे लोगों के मन में सवाल उठ रहा है कि भाई दूज किस दिन मनाएंगे। आइए जानते हैं पंचांग और शास्त्रीय नियम के अनुसार, भाई दूज कब मना सकते हैं। 26 या 27 अक्टूबर में से किस दिन भाई दूज मनाना सही रहेगा।

दोपहर में होती है की पूजा

शास्त्रों में उल्लेख मिलता है कि यम द्वितीया यानी भाई दूज के दिन यमराज अपनी बहन के घर दोपहर के समय आए थे और बहन की पूजा स्वीकार करके उनके घर भोजन किया था। वरदान में यमराज ने यमुना से कहा था कि यम द्वितीया यानी भाई दूज के दिन जो भाई बहनों के घर आकर बहनों की पूजा स्वीकार करेंगे और उनके हाथों से बना भोजन करेंगे तो उनको अकाल मृत्यु का भय नहीं रहेगा। इसलिए यम द्वितीया भाई दूज में दोपहर के समय द्वितीया का अधिक महत्व है।

भाई दूज में इनकी करें पूजा

शास्त्रों में बताया गया है कि कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि, जिस दिन दोपहर के समय होती है, उसी दिन भाई दूज का त्योहार मनाना चाहिए। इसी दिन यमराज, यमदूत और चित्रगुप्त की पूजा करनी चाहिए और इनके नाम से अर्घ्य और दीपदान भी करना चाहिए। लेकिन अगर दोनों दिन दोपहर में द्वितीया तिथि हो तब पहले दिन ही द्वितीया तिथि में यम द्वितीया भाई दूज का पर्व मनाना चाहिए।

26 को ही मनाएं भाई दूज का पर्व

इस साल भाई दूज पर यही स्थिति बनी हुई है कि दो दिन यानी 26 और 27 अक्टूबर को कार्तिक कृष्ण द्वितीया तिथि लग रही है। 26 अक्टूबर को दिन में 02 बजकर 43 मिनट से भाई दूज का पर्व मनाना शुभ रहेगा, जो 27 अक्टूबर को दोपहर 01 बजकर 18 मिनट से 03 बजकर 30 मिनट तक रहेगा। ऐसे में 26 अक्टूबर को ही भाई दूज का पर्व मनाना शास्त्र के अनुकूल रहेगा।

27 को पूजा का शुभ मुहूर्त

बहुत स्थानों पर लोग उदया तिथि के हिसाब से मनाते हैं। ऐसे में जहां पर लोग उदया तिथि को मानते हैं, वहां पर 27 अक्टूबर को भी भाई दूज की पूजा कर सकते हैं। 27 अक्टूबर को जो लोग भाई दूज का पर्व मनाएंगे, उनके लिए शुभ मुहूर्त 11 बजकर 07 मिनट से 12 बजकर 46 मिनट तक ही रहेगा। इस तरह इस साल रक्षा बंधन की तरह भाई दूज का त्योहार भी दो दिन मनाया जाएगा। आप अपनी परंपरा और लोकाचार के अनुसार, 26 और 27 अक्टूबर में से जिस दिन चाहें भाई दूज का पर्व मना सकते हैं।

भाई दूज कथा

भगवान सूर्य नारायण की पत्नी का नाम छाया था। उनकी कोख से यमराज तथा यमुना का जन्म हुआ था। यमुना यमराज से बड़ा स्नेह करती थी। वह उससे बराबर निवेदन करती कि इष्ट मित्रों सहित उसके घर आकर भोजन करो। अपने कार्य में व्यस्त यमराज बात को टालता रहा। कार्तिक शुक्ला का दिन आया। यमुना ने उस दिन फिर यमराज को भोजन के लिए निमंत्रण देकर, उसे अपने घर आने के लिए वचनबद्ध कर लिया। यमराज ने सोचा कि मैं तो प्राणों को हरने वाला हूं। मुझे कोई भी अपने घर नहीं बुलाना चाहता। बहन जिस सद्भावना से मुझे बुला रही है, उसका पालन करना मेरा धर्म है। बहन के घर आते समय यमराज ने नरक निवास करने वाले जीवों को मुक्त कर दिया। यमराज को अपने घर आया देखकर यमुना की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने स्नान कर पूजन करके व्यंजन परोसकर भोजन कराया। यमुना द्वारा किए गए आतिथ्य से यमराज ने प्रसन्न होकर बहन को वर मांगने का आदेश दिया। यमुना ने कहा कि भद्र! आप प्रति वर्ष इसी दिन मेरे घर आया करो। मेरी तरह जो बहन इस दिन अपने भाई को आदर सत्कार करके टीका करें, उसे तुम्हारा भय न रहे। यमराज ने तथास्तु कहकर यमुना को अमूल्य वस्त्राभूषण देकर यमलोक की राह की। इसी दिन से पर्व की परम्परा बनी। ऐसी मान्यता है कि जो आतिथ्य स्वीकार करते हैं, उन्हें यम का भय नहीं रहता। इसीलिए भैयादूज को यमराज तथा यमुना का पूजन किया जाता है।

दीपावली, गोवर्धन, भाई दोज की बहुत बहुत शुभकामनाएं...

शुभ दिपावली

शुभकामनाएं कर्ता : प्रो. नारायण दास गुप्ता
पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन नगर पालिका डबरा, पूर्व लॉयन्स क्लब अध्यक्ष

साख व्यवसाय में कार्यरत

दि स्टेट सिटीजन साख सहकारी संस्था मर्यादित, डबरा

शुभ दिपावली

हमारी संचालित जमा योजनाएं

- बचत अमानत खाता
- दैनिक अमानत खाता
- सावधि बचत अमानत खाता
- अनिवार्य अमानत खाता
- आवर्ती अमानत खाता
- अल्पावधि अमानत खाता
- मासिक आय योजना

हमारी संचालित ऋण योजनाएं

- प्राथमिक ऋण
- वाहन ऋण
- दो पहिया वाहन ऋण
- उपभोक्ता ऋण
- स्वर्ण आभूषण ऋण
- दैनिक जमा ऋण
- सावधि ऋण

राधेश्याम गुप्ता डायरेक्टर

आज ही संस्था में सदस्य बनकर जमा एवं ऋण योजनाओं का लाभ उठाएं।

रोहिरा कॉम्प्लेक्स, संत कंवर राम चौराहा, ठाकुर बाबा रोड, डबरा

पंकज जैन डायरेक्टर

राज श्री वस्त्रालय, पटेल चाल सिंधी बाजार नीमच की ओर से हमारा देश हमारा अभिमान मासिक पत्रिका के प्रथम संस्करण के प्रकाशित होने पर हमारा देश हमारा अभिमान पत्रिका के संपादक भाई मनोज चतुर्वेदी और पूरी टीम को

दीपावली, गोवर्धन, भाई दोज की बहुत बहुत शुभकामनाएं...

अशोक कुमार टिलवानी
हाईकोर्ट एडवोकेट

ओम प्रकाश टिलवानी

श्रीमती भारती टिलवानी

हरशुल टिलवानी

मा. शिवराजसिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

मा. नरोत्तम मिश्रा
गृह मंत्री, मध्यप्रदेश

संजय कुमार
कलेक्टर एवं नपा प्रशासक

अनिल दुबे
सीएमओ, नपा दतिया

शुकर्ण मिश्रा

विवेक मिश्रा

दतिया नगरपालिका की ओर से समस्त दतिया के नागरिकों को दीपावली की बहुत बहुत शुभकामनाएं

सहित दतिया के नागरिकों से अपील करती है....

1. कोरोना के बचाव हेतु दो गज की दूरी मास्क है जरूरी।
2. निकाय के करों का समय पर भुगतान करें।
3. नगर को साफ स्वच्छ बनाने हेतु कचरा घरों में ही पृथक-पृथक डिब्बो में रखे, वाहन आने पर वाहन में ही कचरा डालें।
4. सड़क / गलियों में कचरा न फेंके।
5. वृक्षों को लगाना है, शहर को सुंदर बनाना है।

न्यू आनंद मेडिकल स्टोर जवाहर गंज डबरा
की ओर से दीपावली के पावन पर्व की
बहुत बहुत शुभकामनाएं...

प्रो. आनन्द श्रीवास्तव

गहना ज्वेलर्स की ओर से दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई
दोज की शुभकामनाएं सभी नगरवासियो को...

सिटीसेन्टर सराफा
बाजार मैं हमारी
शॉप उपलब्ध है।

शुभकामनाकर्ता : शरद मंगल

समस्त देशवासियों को दीपावली की बहुत बहुत शुभकामनाएं...

सभी जिलावासियों से अपील

1. वनों को किसी भी प्रकार से नुकसान नही पहुंचाये ।
2. वृक्षों को नही काटे, वनों के जीवों को किसी भी प्रकार का नुकसान नही पहुंचाये ।
3. वन जीवों को नुकसान नही पहुंचाये।
4. वृक्षों को काटना कानूनी अपराध है ।
5 वन जीवों की हत्या,वन जीवो के साथ किसी भी प्रकार का वो कार्य करना जिससे इनकी स्वतंत्रता और इनके जीवन को क्षति पहुँच सकती है के कार्य कानूनी अपराध मैं आता है ।
6. वृक्षो को अधिक से अधिक लगाएं यह जीवन को जरुरी है।
7. कोरोना के इस आपदा मैं मास्क लगाए, वैक्सीनेशन करवाये साथ ही सावधानी बनाये रखें। **दो गज दूरी है जरूरी के नियम का पालन अवश्य करे।**

अपीलकर्ता : अभिनव पल्लव
आईएफएस, वनमण्डलाधिकारी (डीएफओ) मंडला जिला

त्रिदेव ट्रांसपोर्ट टूल्स एंड ट्रेवल्स कम्पनी की ओर से दीपावली के पावन पर्व की

बहुत बहुत शुभकामनाएं

शुभकामनाकर्ता
प्रो. रवि परिहार, प्रो. रवि कांत शर्मा, सुनील प्रजापति

सभी देशवासियों को दीपोत्सव की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेश राजे डबरा विधायक (कांग्रेस)

समस्त देशवासियों को दीपोत्सव की
हार्दिक शुभकामनाएं...
महेश पुरोहित, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, लहार

शुभ दिपावली

समस्त देशवासियों
को दीपोत्सव की
हार्दिक शुभकामनाएं

लाखन सिंह पूर्व मंत्री मप्र शासन एवं वर्तमान विधायक भीतरवार

सभी देशवासियों को दीपोत्सव की
हार्दिक शुभकामनाएं...

प्रदीप शर्मा, एसडीएम

आपको और आपके परिवार को दीपोत्सव
की बहुत-बहुत शुभकामनाएं...

Kamal Kishor Gupta
Chief Life Insurance Advisor, MDRT, +91 9826211883
kamalkishor.guptalic@gmail.com

सभी देशवासियों को दीपोत्सव की
हार्दिक शुभकामनाएं...

रामनिवास सिकरवार, तहसीलदार, सिटी सेंटर ग्वालियर

समस्त देशवासियों को
दीपोत्सव की हार्दिक
हार्दिक शुभकामनाएं
शुभ दिपावली
श्रीमती शीतला पटले
(आईएएस) अपर आयुक्त, सागर

समस्त देशवासियों को
दीपोत्सव की हार्दिक
हार्दिक शुभकामनाएं
शुभ दिपावली
श्रीमती निविता गुप्ता
पुलिस अधीक्षक, रेल इंदौर जोन

समस्त देशवासियों को
दीपोत्सव की हार्दिक
हार्दिक शुभकामनाएं
शुभ दिपावली
निक्की पंजावी
पैरोथैरेपी विशेषज्ञ

समस्त देशवासियों को
दीपोत्सव की हार्दिक
हार्दिक शुभकामनाएं
शुभ दिपावली
शिभांगी जादौन
एएओ नगरपालिका डबरा

समस्त देशवासियों को
दीपोत्सव की हार्दिक
हार्दिक शुभकामनाएं
शुभ दिपावली

शैलेन्द्र सिंह गुर्जर
घाटी गांब

समस्त देशवासियों को
दीपोत्सव की हार्दिक
हार्दिक शुभकामनाएं
शुभ दिपावली

अशोक वर्मा
वरिष्ठ कृषि अधिकारी डबरा

दीपावली, गोवर्धन, भाई दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं...

कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, डबरा

दीपावली, गोवर्धन, भाई दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं...

श्रीमती रेणु बाला चतुर्वेदी
सरपंच उचाड़

दीपावली, गोवर्धन, भाई दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं...

बृजेश श्रीवास्तव, वनमण्डलाधिकारी, ग्वालियर (डीएफओ)

दीपावली, गोवर्धन, भाई दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं...

रामसेवक सिंह गुर्जर पूर्व सांसद, ग्वालियर लोकसभा

सूर्यभान रावत (अध्यक्ष युवा शक्ति संगठन) की ओर से समस्त ग्वालियर जिलेवासियों को
दीपावली, गोवर्धन, भाई दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं

सूर्यभान रावत, जिला पंचायत सदस्य

समस्त देशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...

श्री ओम प्रकाश सखलेचा

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री

